Title: Need for a comprehensive plan for conservation of Ajanta and Ellora caves in Aurangabad district, Maharashtra.

श्री चन्द्रकांत खैरे (औरंगाबाद, महाराट्र) : महोदय, महाराट्र के औरंगाबाद स्थित अजन्ता की गुफाओं के कई भित्ति चित्रों के आधे से अधिक भाग टूटे पड़े हैं और चित्रों का नक्शा बिगड़ता जा रहा है। जापान सरकार ने अजंता एवं एलोरा के विकास के लिए 500 करोड़ रुपये का अनुदान दिया था। उससे गुफाओं के चित्रों की कोई रक्षा नहीं की गई बल्कि इस पैसे का उपयोग कई अन्य कार्यों में किया गया।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि अजन्ता की गुफाओं के भित्ति चित्रों के रख-रखाव के लिए विस्तृत योजना बनाकर इस ऐतिहासिक धरोहर का समुचित संरक्षण किया जाए।